# रक्तदान शिविर एवं विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी आज

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

चित्तौड़गढ़. मेवाड़ विश्वविद्यालय में शुक्रवार सुबह 9 बजे से भंवरलाल गदिया एवं नन्दलाल गदिया की स्मृति में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर में राजकीय सांवरिया अस्पताल चित्तौड़गढ़ के मेडिकल स्टाफ द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस होने से विश्वविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा संगोष्ठी भी होगी। मुख्य अतिथि जीवनधारा ऑफ ग्रोविंग मशरूम सीकर के चेयरमैन मोटाराम शर्मा होंगे। आगामी रविवार को श्री सेवा संस्थानए निम्बाहेड़ा व मेवाड़ विश्वविद्यालय के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं दंत परीक्षण भी किया जाएगा। नेत्र परीक्षण गोमाबाई नेत्रालय नीमच के चिकित्सक करेंगे। निम्बाहेड़ा के बिश्नोई डेंटल केयर द्वारा दांतों से संबंधित रोगों की निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा।

Rajasthan Patrika, 28-02-2020

# राज्यपाल मिश्र कल गंगरार में

**चित्तौड़गढ़।** राज्यपाल कलराज मिश्र 29 फरवरी को प्रातः 10 बजे जयपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10.50 बजे मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार स्थित हेलीपेड पर उतरेंगे। राज्यपाल हेलीपेड से राजकीय वाहन द्वारा समारोह स्थल के लिए प्रस्थान कर मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 5वें दीक्षान्त समारोह में भाग लेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार कलाल के अनुसार, राज्यपाल इसके पश्चात दोपहर 12.20 बजे हेलीकॉप्टर से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

Scanned with

Dainik Navajyoti 28-02-2020

# नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर एक को

निंबाहेड़ा | श्री सेवा संस्थान की ओर से एक मार्च रविवार को समाज सेवी स्व. भंवरलाल एवं स्व. नंदलाल गदिया की पुण्य स्मृति में मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार के सौजन्य एवं गोमाबाई नेत्रालय नीमच के सहयोग से निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन सहित दंत चिकित्सा शिविर गंगरार में मेवाड़ विश्वविद्यालय प्रांगण में सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक होगा। विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष राधाकृष्ण गदिया ने बताया कि शिविर में मरीजों की जांच निशुल्क की जाएगी। संस्थान सचिव अशोक नवलखा ने बताया कि दंत चिकित्सा शिविर में विश्नोई डेंटल क्लिनिक निंबाहेड़ा के डॉ. आरआर विश्नोई सेवाएं देंगे। चयनित मरीजों के लैंस प्रत्यारोपण सहित मोतियाबिंद ऑपरेशन गोमाबाई नेत्रालय नीमच में निर्धारित तिथि पर कराए जाएंगे।

Dainik Bhaskar 28-02-2020

# मेवाड़ यूनिवर्सिटी का दीक्षांत कार्यक्रम आज से, कल राज्यपाल मिश्र आएंगे

चित्तौड़गढ़ | मेवाड़ यूनिवर्सिटी में शुक्रवार सुबह 9 बजे से स्व. भंवरलाल गदिया एवं स्व. नंदलाल गदिया की स्मृति में रक्तदान शिविर होगा। जिसमें जिला अस्पताल का स्टाफ सहयोग करेगा। शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस होने पर यूनिवर्सिटी के कृषि विभाग द्वारा द साइंस ऑफ मशरूम टेक्नोलॉजी फॉर हेल्थ, वैल्थ एंड प्रोस्पेरिटी विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी होगी। मुख्य अतिथि जीवन धारा ऑफ ग्रोमिंग मशरूम सीकर के चेयरमैन डॉ. मोटाराम शर्मा रहेंगे। अगले दिन 29 फरवरी शनिवार को दीक्षांत समारोह होगा। मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्रा होंगे।

• ये रहेगा राज्यपाल का कार्यक्रम..राज्यपाल कलराज मिश्र शनिवार सुबह 10:50 बजे हेलीकॉप्टर से मेवाड़ विश्वविद्यालय स्थित हेलीपेड पर पहुंचेंगे। इसके बाद वे विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे।

Dainik Bhaskar 28-02-2020 1

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर आज

## निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 1 मार्च को

गंगरार, 27 फरवरी (जसं.)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में शुक्रवार प्रातः 9 बजे से स्व. भंवर लाल गदिया एवं नन्द लाल गदिया की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में राजकीय सांवरियाजी चिकित्सालय के मेडिकल स्टाफ रक्त संग्रह किया जाएगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस होने से विश्वविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा द साइंस ऑफ मशरुम टेक्नोलोजी फॉर हेल्थ, वेल्थ एंड प्रोस्पेरिटी विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन भी किया जायेगा। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि जीवन धारा ऑफ ग्रोविंग मशरुम सीकर के चेयरमैन डॉ. मोटाराम शर्मा होंगे। विश्व विद्यालय में 29 फरवरी को दीक्षांत समारोह राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। कार्यक्रमों की इसी कड़ी में आगामी 1 मार्च को श्री सेवा संस्थान निम्बाहेड़ा व मेवाड़ विश्व विद्यालय के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं दंत परीक्षण का आयोजन भी किया जायेगा। शिविर में गोमाबाई नेत्रालय नीमच के चिकित्सकों द्वारा नजर, कालापानी, मोतिया बिन्द, आंख के पर्दे आदि की निःशुल्क जांच की जायेगी। परीक्षण पश्चात ऑपरेशन योग्य मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन, लेन्स प्रत्यारोपण सहित गोमाबाई नेत्रालय नीमच में निर्धारित दिनांक को निःशुल्क किये जायेंगे। इसके साथ ही नजर के मरीजों को चश्मे भी निःशुल्क मुहैया करवाये जाएंगे। निम्बाहेड़ा के बिश्नोई डेंटल केयर द्वारा दांतो से संबंधित रोगों की निःशुल्क जांच एवं परामर्श किया जाएगा।

Jannayak 28-02-2020

# राज्यपाल कलराज मिश्र 29 को आयेंगे

चित्तौड़गढ़, 27 फरवरी (कासं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र 29 फरवरी 2020 को प्रातः 10 बजे जयपुर से हैलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10.50 बजे गंगरार स्थित मेवाड़ विश्वविद्यालय हैलीपेड पर पहुंचेंगे। राज्यपाल हैलीपेड से राजकीय वाहन द्वारा समारोह स्थल के लिए प्रस्थान कर मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 5वें दीक्षान्त समारोह में भाग लेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार कलाल ने बताया कि इसके पश्चात् समारोह स्थल से दोपहर 12.10 बजे कार द्वारा हैलीपेड के लिए प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे हैलीकॉप्टर से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

Jannayak 28-02-2020

# राज्यपाल मिश्र 29 को आएंगे

चित्तौड़गढ़ ( प्रातःकाल संवाददाता )। राज्यपाल कलराज मिश्र 29 फरवरी को प्रातः 10 बजे जयपुर से हैलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10.50 बजे मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार स्थित हैलीपेड पर पहुंचेंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र हैलीपेड से राजकीय वाहन द्वारा समारोह स्थल के लिए प्रस्थान कर मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 5वें दीक्षान्त समारोह में भाग लेंगे। समारोह स्थल से दोपहर 12.10 बजे कार द्वारा हैलीपेड के लिए प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे हैलीकॉप्टर से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार कलाल ने दी।

Pratahkal 28-02-2020

Scanned with CamScanner

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में नेत्र परीक्षण शिविर 1 को

निम्बाहेड़ा। श्री सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्रीचन्द कृपलानी के नेतृत्व में चलाए जा रहे मोतियाबिंद मुक्त पायलेट प्रोजेक्ट के तहत 1 मार्च को समाज सेवी भवरलाल एवं नंदलाल गदिया की स्मृति मे गोमाबाई नेत्रालय नीमच के सहयोग से निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर व दंत चिकित्सा शिविर गंगरार के मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष राधाकृष्ण गदिया ने बताया कि शिविर में नेत्र रोगियों की नजर, चश्में, कालापानी, मोतियाबिंद, नासूर, आखं के पर्दे की बिमारियां एवं रोगियों की जांच नि:शुल्क की जाएगी। संस्थान सचिव एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने बताया कि दंत चिकित्सा शिविर में विश्नोई डेंटल क्लिनिक निम्बाहेड़ा के डॉ. आरआर विश्नोई सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होने बताया कि चयनित रोगियों के लेंस प्रत्यारोपण सहित मोतियाबिंद ऑपरेशन गोमाबाई नैत्रालय नीमच में निर्धारित तिथि पर कराएं जाएंगे।

Dainik Navajyoti 28-02-2020

CamScanner